# प्रपत्र–11

# JUSTIFICATION FOR LOCATING THE PROJECT IN FOREST LAND

परियोजना का नाम :– जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत घनसाली से पँवाली – अखोड़ी मोटर मार्ग कि0मी0 14 (हुलानाखाल) से हड़ियाणा तल्ला मोटर मार्ग (लम्बाई 3.400कि0मी0) के नव निर्माण कार्य हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मन्त्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आय और उत्पादन रोजागार अवसरों के अधिक मात्रा में सृजन एंव स्थायी रूप से गरीबी निवारण करने के उद्देश्य से पर्वतीय क्षेत्र में 250 से अधिक आवादी वाले असंयोजित बसावटों को किसी भी बारहमासी सम्पर्क मार्ग से जोड़ने का कार्यक्रम संचालित किया गया हैं। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार बसावट हड़ियाणा तल्ला की आवादी 307 अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़ा है। मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम सभा –हड़ियाणा तल्ला की जनता लाभान्वित होगी।

ग्राम हड़ियाणा तल्ला के चारों और से आरक्षित वन भूमि है, जिस कारण आरक्षित वन भूमि के अन्तर्गत ही मार्ग निर्माण किया जाना सम्भव है, जिसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है। उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्र में कास्तकारों की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त प्रकार की भूमि को वन भूमि श्रेंणी में ले लिया गया है। मोटर मार्ग के प्रस्तावित संरेखण में 1.080 हे0 आरक्षित वनभूमि, 0.700 हे0 सिविल सोयम भूमि, 0 हे0 वन पंचायत भूमि एवं 1.440 हे0 नाप भूमि प्रभावित हो रही है जो न्यूनतम एवं अपरिहार्य है एवं वन भूमि की मांग न्यूनतम है। उक्त मोटर मार्ग के प्रस्तावित संरेखण से आरक्षित एवं सिविल वन भूमि 1.780 हे0 प्रभावित हो रही है जिसका भूमि हस्तान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रस्ताव गठित किया गया है तथा यह भी उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित परियोजना हेतु वृक्षो की गणना 9.00 मीटर चौडाई मे की गई है जो की वास्तविक रुप से पातन किये जाने है। मोटर मार्ग का निर्माण 6.00 मीटर मे होना प्रस्तावित है एवं वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव 7.00 मीटर चौड़ाई मे बनाया गया है।

ग्राम–सभा हड़ियाणा तल्ला जनपद टिहरी गढ़वाल बहुत ही दुर्गम ग्राम है। जिसकी जिला मुख्यालय से रोड हेड हुलानाखाल तक दूरी 100 कि0मी0, विकास खण्ड मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय घनसाली से दूरी 35 कि0मी0 एवं रोड हेड हुलानाखाल से ग्राम हड़ियाणा तल्ला पैदल सम्पर्क मार्ग की दूरी 3.00 कि0मी0 है।

प्रस्तावित संरेखण के अनुसार यह मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढ़वाल में विकासखण्ड – भिलगना, तहसील –घनसाली के अन्तर्गत घनसाली से पँवाली –अखोड़ी मोटर मार्ग कि0मी0 14 हुलानाखाल से प्रारम्भ होता है। मार्ग का प्रारम्भिक बिन्दु – हुलानाखाल आरक्षित वनभूमि टिहरी वन प्रभाग के अन्तर्गत आता है। इस संरेखण में मार्ग की 1400 मी0 लम्बाई आरक्षित वन भूमि टिहरी वन प्रभाग के अन्तर्गत 1000 मी0 लम्बाई सिविल सोयम भूमि उत्तराखण्ड सरकार के अन्तर्गत एवं 1000 मी0 नाप भूमि ग्राम हड़ियाणा तल्ला के अन्तर्गत आती है। इस संरेखण में 4 हेयर पिन बैण्ड एवं 1नं0 आर0सी0सी0 कलवर्ट तथा 1नं0 आर0सी0सी0 माइनर ब्रीज प्रस्तावित हैं।

इस संरेखण में मोटर मार्ग निर्माण करने में कम वृक्ष प्रभावित होते है, तकनिकी एवं भू–वैज्ञानिक दृष्टि से यह संरेखण उपयुक्त पाया गया है एवं मानकों के अनुसार सही ग्रेड मिलता है। इस संरेखण में मार्ग निर्माण से अधिक से अधिक आवादी लाभान्वित होती है। प्रस्तावित संरेखण अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती है। इस संरेखण के अनुसार मोटर मार्ग निर्माण करने में ग्रांमवासी, भूमिधर एवं जन प्रतिनिधि पूर्ण रूप से सहमत है।

ग्राम सभा –हड़ियाणा तल्ला में उन्नत कृषि भूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन है, यातायात की सुविधा होने से ग्रामीण अपनी फसल एवं दुग्ध उत्पाधित पदार्थों को नजदिकीय बजार में ले जाकर बेच सकेंगें, जिससे स्थायी रोजगार उत्पन्न होगा एवं कास्तकारों को अपनी उपज का उचित मूल्य भी मिल जायेगा जिससे देश की प्रोडोक्टविटी में वृद्धि होगी एवं ग्रामीणों को रोजगार का साधन बढेगा। प्रस्तावित मार्ग निर्माण से ग्रामीणों का निकटतम बाजारों में, विकासखण्ड मुख्यालय, तहसील एवं जिला मुख्यालय तक आवागमन आसान एवं सरल हो जायेगा। इस मार्ग निर्माण से उत्तराखण्ड के इस भाग में भी टूरिज्म के अवसर पैदा होगें। मोटर मार्ग निर्माण होने से ग्रामीणों के बच्चे शिक्षा हेतु समीप के हाईस्कूल, इण्टरमीडियेट एवं स्नातक विद्यालय में पडने हेतु जायेगें। जिससे ग्रामीणों के शिक्षा स्तर में भी बढोत्तरी होगी। तथा मोटर मार्ग निर्माण होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा भी आसानि से उपलब्ध हो सकेगी। मोटर मार्ग निर्माण होने से सरकार द्वारा घोषित् विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं का भी सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो सकेगा और ग्रामीणा विकास में तीव्रता आयेगी।

अतः हुलानाखाल से हड़ियाणा तल्ला मोटर मार्ग का निर्माण अत्यन्त आवश्यक है जिस हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| पी0एम0जी0एस0वाई0 | पी0एम0जी0एस0वाई0 | पी0एम0जी0एस0वाई0 |
| सिंचाई खण्ड–1 नई टिहरी | सिंचाई खण्ड–1 नई टिहरी | सिंचाई खण्ड–1 नई टिहरी |